षोडश

बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 18 आषाढ़, 1941 (श०) / 09 जुलाई, 2019 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 04

(1)	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग	01
(2)	शिक्षा विभाग	02
(3)	समाज कल्याण विभाग	01
	कुल योग --	04

कार्रवाई करना

9. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में पिछले दस वर्षों से समय पर छात्रों को पाठ्य-पुस्तक उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसे नियमित करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2012-13 में 36 लाख रुपये के शुल्क पर चन्द्रगुप्त इन्स्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना को सलाहकार नियुक्त करना पड़ा, जिसे अबतक 1.08 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया गया, परन्तु संस्थान द्वारा दिये गये सुझाव पर विभाग द्वारा कोई विचार नहीं किया गया ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक छात्रों को ससमय पुस्तक उपलब्ध कराने एवं नियुक्त सलाहकार पर हुये 1.08 करोड़ रुपये का निष्फल व्यय पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पेंशन योजना लागू करना

10. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 18 वर्ष से 39 वर्ष तक की विधवा महिलाओं के लिये आय के आधार पर सरकार लक्ष्मी बाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना संचालित कर रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 39 वर्ष से अधिक आयु वाले BPL विधवा महिलाओं के लिये इन्दरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन लागू है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 40 वर्ष या उससे अधिक की उम्र की APL विधवा महिलाओं के लिये सरकार की कोई पेंशन योजना संचालित नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 40 वर्ष या उससे अधिक उम्र के APL श्रेणी विधवा महिलाओं के लिये सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना लागू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रोक लगाना

11. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मशीनीकरण के दौर में धान एवं गेहूँ की कटाई हार्वेस्टर मशीन से की जा रही है, जिससे आधी खूंटी खेत में रह जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उस खूंटी को उखाड़ने के बदले पंजाब, हरियाणा में हो रही पराली की तर्ज पर बिहार के नवादा, औरंगाबाद, गया आदि जिलों में खूंटी में आग लगाकर समाप्त करने का प्रचलन जागरूकता के अभाव में काफी बढ़ गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यावरण संरक्षण एवं खेतों की उर्वरा शक्ति बरकरार रखने हेतु खूंटी को खेतों में जलाये जाने पर रोक लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?